आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 15.08.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली मे धूमधाम से 74 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 15.08.2020 को 74वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री वी.एम. श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम आरेडिका स्थित सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण में सोशल डिस्टेसिंग, समुचित सेनेटाइजेशन, मास्क पहनने की अनिवार्यता के साथ छोटे समूह में आयोजित किया गया।

कोविड–19 के वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेसिंग के साथ वरिष्ठ अधिकारीगण ही उपस्थित रहे। आरेडिका मे कार्यरत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों को देखने के लिए डिजिटल माध्यम (यूट्यूब) से आरेडिका द्वारा निर्धारित किए गए लिंक पर लाईव प्रसारण किया गया जिससे कि कार्यक्रम स्थल पर ज्यादा भीड़ एकत्रित न हो।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने अभिभाषण में कहा कि आरेडिका के लिए वर्ष 2019–20 उपलब्धियों से भरा रहा है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में दिनांक 22 मार्च 2020 से राष्ट्रीय लॉकडाउन होने के बावजूद 1930 कोचों का निर्माण किया गया जो वर्ष 2018–19 में 1425 कोचों की तुलना में 35.4 प्रतिशत अधिक रहा है। स्मार्ट हमसफर रेक को फरवरी और जून 2020 में विभिन्न रेलवे को भेजा गया। यह हमसफर कोच अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। कोविड–19 की रोकथाम हेतु लॉकडाउन अवधि के दौरान आरेडिका में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए मास्क का वितरण, होम्योपैथी दवा आर्सेनिक एलबम–30 का वितरण, घरेलू उपयोग की आवश्यकता सामग्री जैसे कि फल, सब्जी, दूध, किराने का सामान आदि घर–घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की गयी। उन्होने अपने संबोधन में कर्मचारियों को दी जा रही सुविधाओं का भी जिक्र किया एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस कि बधाई दी।

इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें ऊ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के कर्मचारी भी शामिल हुए एवं आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं एकल गान प्रस्तुत किए गये।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक महोदय द्वारा कोरोना वारियर्स के रूप मे कार्य करने वाले कर्मचारियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री अनूप कुमार, पीसीएमएम श्री पी. एन. पाण्डेय, पीसीपीओ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, पीसीई श्री आर. बी. यादव, सहित मुख्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

इसके साथ–साथ आरेडिका के आवासीय परिसर स्थित ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका की अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

15/08/2020
(वी के दूबे)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी